गांजा व खरीद-बिक्री के 19 .82 लाख रुपयों संग दो आरोपित धरे

पुलिस कार्यालय में पकड़े गए आरोपितों के बारे में जानकारी देते एसपी राहुल भाटी (बाएं) व मेज पर रखा बरामद गांजा, रुपये व कोंगो चिलम तथा मौजूद आरोपित ● जागरण

जासं ● श्रावस्तीः मल्हीपुर थाने की पुलिस, एसओजी व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को बड़ी सफलता हासिल की। टीम ने जमुनहा गांव से दो आरोपितों को गिरफ्तार कर दो किलो 365 ग्राम गांजा व गांजा खरीद/बिक्री के 19 लाख 82 हजार 645 रुपये भारतीय मुद्रा व 320 रुपये नेपाली मुद्रा बरामद कर लिया। बरामद गांजा की अनुमानित कीमत एक लाख 18 हजार रुपये है।

एसपी राहुल भाटी ने पुलिस कार्यालय में मामले की जानकारी देते बताया कि मल्हीपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह टीम के साथ मोहर्रम के दृष्टिगत कर्बला तिराहे पर ड्यूटी पर थे। तभी सूचना मिली कि जमुनहा के शिवप्रसाद अपनी पत्नी व बिकाऊलाल की पत्नी लक्ष्मी के साथ मिलकर परचून की दुकान से चोरी-छिपे गांजे के पैकेट बेच रहा है। इस पर संयुक्त टीम गांव में पहुंची। दुकान के बाहर बैठे व्यक्ति को घेरकर पकड़ लिया। पूछताछ पर उसने अपना नाम शिवप्रसाद बताया। उसने स्वीकार किया कि वह बिकाऊलाल व उनकी पत्नी लक्ष्मी के साथ गांजे के पैकेट बेचता है। शिवप्रसाद की निशानदेही पर दुकान व घर की तलाशी ली गई। घर की तलाशी के दौरान दुकान के पीछे कमरे में बैठी एक महिला दिखाई दी, जो बोरे में कुछ सामान छिपा रही थी। उसे भी पकड़ लिया गया। उसने स्वीकार किया कि पति के साथ नेपाल से गांजा मंगवाकर छोटे-छोटे पैकेट बनाकर शिवप्रसाद के जरिए बेचते थे।